# शिक्षा, निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

## अभ्यास प्रश्न पत्र

## कक्षा-6

## विषय-हिंदी

| अधिकतम अंक - 60 | | अवधि - 2 घंटे 30 मिनट |
|---|---|---|
| **प्रश्न संख्या** | **विवरण** | **अंक** |
| | **सामान्य निर्देश :-**<br>1. **प्रश्न पत्र दो खंडों, खंड 'क' और 'ख' में है ।**<br>2. **खंड 'क' में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमे से केवल  प्रश्नों के ही उत्तर देने हैं ।**<br>3. **खंड 'ख' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।**<br>4. **दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**<br>5. **यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए ।** | |
| | **खंड - क**<br>**(बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| **प्रश्न सं 1.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>राख की रस्सी शीर्षक लोककथा तिब्बत से संबंधित है जिसे दुनिया की छत कहा जाता है क्योंकि यह बहुत ऊँचे पठार पर स्थित है। पठार जमीन के ऐसे भाग को कहते हैं जो मैदान से ऊँचा और पहाड़ से नीचे होता है। तिब्बत के पठार पर खड़े हैं ऊँचे-ऊँचे पहाड़ जो हिमालय का हिस्सा हैं। | **2x2=4** |
| | (i) दुनिया की छत किसे कहा गया है ?<br>(क) राख को<br>(ख) रस्सी को<br>(ग) झरने को<br>(घ) तिब्बत को<br>(ii) पठार किसे कहते हैं ?<br>(क) जमीन जो मैदान से ऊँचा और पहाड़ से नीचे होता है<br>(ख) रेगिस्तान को<br>(ग) ढलान को<br>(घ) मैदान को | |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न सं 2.** | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**<br>छोटी-सी हमारी नदी टेढ़ी-मेढ़ी धार, गर्मियों में घुटने भर भिगो कर जाते पार \|<br>पार जाते ढोर-डंगर, बैलगाड़ी चालू, ऊँचे हैं किनारे इसके, पाट इसका ढालू \|<br>पेटे में झकाझक बालू कीचड़ का न नाम, काँस फूले एक पार उजले जैसे घाम \|<br>दिन भर किचपिच-किचपिच करती मैना डार-डार, रातों को हुआँ-हुआँ कर उठते सियार\|<br>(i) नदी की धार कैसी है?<br>(क) सपाट<br>(ख) टेढ़ी-मेढ़ी<br>(ग) मटमैली<br>(घ) गर्जन करती<br>(ii ) हुआँ-हुआँ कौन करता है ?<br>(क) बैलगाड़ी<br>(ख) मैन<br>(ग) सियार<br>(घ) शेर | **2x2=4** |
| **प्रश्न सं 3.** | **निम्नलिखित व्याकरण के प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>(i) निम्नलिखित में से संज्ञा पहचानिए -<br>(क) हमलोग<br>(ख) दिल्ली<br>(ग) धीरे-धीरे<br>(घ) मोटा<br>(ii) निम्नलिखित में से 'स्त्री' शब्द का पुल्लिंग शब्द पहचानिए -<br>(क) पौरुष<br>(ख) पुरुष<br>(ग) पुरुषार्थ<br>(घ) परमार्थ<br>(iii) 'शेर' का स्त्रीलिंग रूप पहचानिए -<br>(क) मोरनी<br>(ख) लोमड़ी<br>(ग) शेरनी<br>(घ) हिरणी<br>(iv) मोहन अच्छा लड़का है, वाक्य में विशेषण की पहचान कीजिए -<br>(क) मोहन<br>(ख) अच्छा<br>(ग) लड़का | **4x1=4** |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) है | |
| **प्रश्न सं 4.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** छुटपन में हमने शिमला रिज पर बहुत मजे किए हैं । घोड़ों की सवारी की है। शिमला के हर बच्चे को कभी न कभी यह मौका मिल ही जाता था। हम जाने क्यों घोड़ों को कुछ कमतर करके समझते। उन पर हँसते थे। ननिहाल के घोड़े खूब हृष्ट-पुष्ट और खूबसूरत। उनकी बात फिर कभी । शाम को रंग-बिरंगे गुब्बारे सामने जाखू का पहाड़ \|" | **4x1=4** |
| | (i) छुटपन मे लेखिका ने कहाँ मजे किए ?<br>(क) आगरा<br>(ख) ऊटी<br>(ग) शिमला<br>(घ) चंडीगढ़<br>(ii) ननिहाल के घोड़े कैसे थे?<br>(क) डरपोक<br>(ख) कमजोर<br>(ग) खूबसूरत<br>(घ) शर्मीले<br>(iii) लेखिका को शाम को क्या मिलता था ?<br>(क) रंग-बिरंगे गुब्बारे<br>(ख) गुलाबजामुन<br>(ग) गोलगप्पे<br>(घ) आइसक्रीम<br>(iv) लेखिका किसको कमतर करके समझती थी?<br>(क) ऊँट को<br>(ख) घोड़ों को<br>(ग) हाथी को<br>(घ) खच्चर को | |
| **प्रश्न सं 5.** | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>वह चिड़िया जो<br>कंठ खोलकर<br>बूढ़े वन - बाबा की खातिर<br>रस उँडेलकर गा लेती है<br>वह छोटी मुँह बोली चिड़िया<br>नीले पंखोंवाली मैं हूँ<br>मुझे विजन से बहुत प्यार है । | **4x1=4** |

| | | |
|---|---|---|
| | (i) चिड़िया कंठ खोलकर क्या कर लेती है?<br>(क) सो लेती है<br>(ख) गा लेती है<br>(ग) रो लेती है<br>(घ) जी लेती है<br>(ii) चिड़िया किसकी खातिर गाती है ?<br>(क) बूढ़े वन-बाबा की खातिर<br>(ख) कंठ की खातिर<br>(ग) नदी की खातिर<br>(घ) पंख की खातिर<br>(iii) चिड़िया क्या उँडेलकर गा लेती है ?<br>(क) दाने<br>(ख) रस<br>(ग) पानी<br>(घ) पंख<br>(iv) चिड़िया को किससे प्यार है?<br>(क) जाल से<br>(ख) विजन से<br>(ग) पिंजरे से<br>(घ) समुद्र से | |
| **प्रश्न सं 6.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>(i) 'वह चिड़िया जो' कविता के रचयिता कौन है ?<br>(क) केदारनाथ अग्रवाल<br>(ख) प्रेमचंद<br>(ग) विष्णु प्रभाकर<br>(घ) सुमित्रानंदन पंत<br>(ii) चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे?<br>(क) छत पर<br>(ख) कार्निस पर<br>(ग) मेज पर<br>(घ) अलमारी पर | **2x1=2** |
| **प्रश्न सं 7.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** | **2x1=2** |

| | | |
|---|---|---|
| | (i) बचपन पाठ की लेखिका का नाम बताइए-<br>(क) कृष्णा सोबती<br>(ख) प्रेमचंद<br>(ग) विष्णु प्रभाकर<br>(घ) गुणाकर मूले<br>(ii) केशव और श्यामा कौन थे?<br>(क) भाई-बहन<br>(ख) सहपाठी<br>(ग) पड़ोसी<br>(घ) दूर के रिश्तेदार | |
| | **खंड ब (वर्णनात्मक प्रश्न )** | |
| **प्रश्न सं 8** | **निम्नलिखित व्याकरण के प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>(i) 'सुख' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।<br>(ii) 'हिरन' शब्द का स्त्रीलिंग लिखिए ।<br>(iii) 'कुर्सी' शब्द का बहुवचन लिखिए ।<br>(iv) 'हथिनी' शब्द का पुल्लिंग लिखिए । | **4x1=4** |
| **प्रश्न सं 9** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>(i) अक्षरों की खोज किसने की है ?<br>(ii) आदमी ने इस धरती पर कब जन्म लिया ?<br>(iii) एक माह मे कितने पक्ष होते हैं ?<br>(iv) कवि किससे गप्पें लगाता है ? | **4x1=4** |
| **प्रश्न सं 10** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>(i) चिड़िया किसका दिल टटोलकर जल का मोती ले आती है ?<br>(ii) चिड़िया के पंख कैसे हैं?<br>(iii) चिड़िया रुचि और रस से क्या खाती है?<br>(iv) जल का मोती का क्या अर्थ है? | **4x1=4** |
| **प्रश्न सं 11** | **निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए -**<br>(i) हर शनिवार को लेखिका को क्या पीना पड़ता था?<br>(ii) शुरू-शुरू मे लेखिका को क्या अटपटा लगा?<br>(iii) लेखिका आईने के सामने क्यों खड़ी हो गई?<br>(iv) केशव ने बाहर आकर क्या देखा? | **4x2=8** |
| **प्रश्न सं 12** | **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए -**<br>(i) लेखिका बचपन में इतवार को क्या-क्या काम करती थी?<br>(ii) चिड़िया को किन-किन चीजों से प्यार है?<br>(iii ) चिड़िया कैसे गा लेती है ? | **3x2=6** |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न सं 13** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -**<br>(क) मेरा सबसे पसंदीदा त्योहार<br>(ख) मेरा विद्यालय<br>(ग) आजादी का अमृत महोत्सव | **1x5=5** |
| **प्रश्न सं 14** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए -**<br>अवकाश हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।<br>अथवा<br>विद्यालय मे पानी की समस्या हल करने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिये । | **1x5=5** |